>

Title: Regarding shifting of firing range from Rattanpur Surara, J& K.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर): अध्यक्ष मोहदय, मैं आपके माध्यम से गवर्नमेंट को कहना चाहूंगा कि मेरी कांस्टीटयूंसी रतनपुर सुरारा में 25 गांव ऐसे हैं, जिन गांवों में फायरिंग रेंज बना है। वहां आर्मी फायर करती है और 25 साल से हर एक मिनट के बाद गोली चलती है। मेरा कहने का मकसद यह है कि वहां 25 साल से लोग कितने बहरे, डिसेबल्ड और हैंडीकेप्ड हुए, आप इसका इन्वेस्टीगेशन करवा सकते हैं। वहां पिछले दिनों तीन-चार बड़े-बड़े बम मिले, बाद में उनकी इन्वेस्टीगेशन करवाई गई कि ये किस के हैं। वे ऐसे फेंक कर चले गए थे, अगर वे बम फट जाते तो उस गांव की तबाही हो जाती। इस वजह से वहां उनकी टोटली जमीन बर्बाद हो गई। उन्हें जानवरों के लिए फॉडर नहीं मिलता है और न ही उनके लिए कोई कम्पनसेशन है। इसलिए हमारी मांग है कि मेहरबानी करके इस फायरिंग रेंज को वहां से चेंज करवाएं। इन 25 गांवों की हालत बहुत खराब है।

महोदय, मैं आपको सीरियसली कह रहा हूं कि कुछ दिन पहले वहां तीन बच्चों की मृत्यु हो गई, क्योंकि वहां कभी बम ब्लास्ट नहीं हो पाता और बच्चे उस बम से छेड़खानी करते हैं। मेरा कहने का मतलब यह है कि इसे दूर कहीं ले जाएं, जहां पापुलेशन न हो। वे 25 गांव वाले कहते हैं कि हमें ही कहीं अन्य जगह पर उठा कर ले जाओ। We are ready for that. I would like to submit that this is a serious matter. The Government should take it seriously.

MR. SPEAKER: Three hon. Members have given notices regarding reservation of jobs in private sector and one hon. Members has given notice for suspension of Question Hour. Yesterday a question was put on this matter and it has been replied to by the hon. Minister concerned. Therefore, I am sorry I cannot allow it to be raised again today.

...(व्यवधान)

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : अध्यक्ष महोदय, हमें एक मिनट बोलने का समय दीजिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: कल इस पर बात हुई थी।

...(व्यवधान)

श्री रामजीलाल सुमन : अध्यक्ष महोदय, आप हमें एक-एक मिनट बोलने के लिए दे दीजिए।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: If you are contradicting me, I am sorry I cannot accept. आप जानते हैं कि आधे घंटे की चर्चा के लिए प्रोसिज़र है, अभी आपके कहने से यह नहीं हो पाएगा।

श्री रामजीलाल सुमन : अध्यक्ष महोदय, हमें एक मिनट बोलने के लिए दे दीजिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: आधा मिनट भी नहीं मिलेगा।

MR. SPEAKER: Same matter cannot be discussed everyday. I am not saying that the matter is unimportant, but it cannot be discussed everyday.

...(*Interruptions*)

12.45 hrs.